प्राचीन गुरूकुल शिक्षा के साथ मॉडर्न टेक्निकल एजुकेशन देना उद्देश्य

द आईकॉनिक स्कूल में प्रवेश प्रक्रिया आरंभ

भोपाल। द आईकॉनिक स्कूल के प्रथम सत्र 2017-18 के लिये प्रवेश प्रक्रिया आरंभ हो चुकी है। प्राचीन गुरूकुल शिक्षा के साथ मॉडर्न टेक्निकल एजुकेशन देने के उद्देष्य से शुरू द आईकॉनिक स्कूल एक सीबीएसई स्कूल है, जिसकी शुरूआत मार्च 2017 से क्लास नर्सरी से ग्रेड 8 तक होगी। भदभदा रोड, बिशन खेड़ी में स्थित 21 एकड़ भूमि पर फैला द आईकॉनिक स्कूल थ्योरी ऑफ मल्टीपल इंटेलीजेंस,पर आधारित पहला स्कूल है। थ्योरी ऑफ मल्टीपल इंटेलीजेंस बच्चों में छुपी प्रतिभाओं को निखारने पर फोकस करती है। लर्न टुडे, लीड टुमॉरो (आज शिक्षा, कल नेतृत्व) के विजन के साथ द आईकॉनिक स्कूल भविष्य के आईकन्स बनाने के लिये प्रतिबद्ध है। द आईकॉनिक स्कूल में सांस्कृतिक प्रभाव के साथ नवीनतम तकनीकों का समावेश कर विशेष इन्फ्रास्ट्रक्चर विकसित किया गया है। गुणवत्तापूर्ण एजुकेशन के लिये अनुकूलित पाठ्यक्रम- समर्पित शिक्षकों की नींव के साथ डिजिटल क्लास रूम्स, स्टेट ऑफ द आर्ट फैसिलिटीज के साथ साईंस, मैथ्स और कम्प्यूटर लेबोरेट्रीज की सुविधा होगी। इसके अतिरिक्त स्कूल में छात्रों के लिये लाईब्रेरी, करियर काउंसिलिंग और हेल्थ न्यूट्रीशनल फैसिलिटी भी उपलब्ध रहेगी। शिक्षा में टीचर-पेरेंट सहभागिता के महत्व को देखते हुए द आईकॉनिक स्कूल ने पेरेंट्स पार्टनरशिप प्रोग्राम की भी शुरूआत की है। इसके लिये विशेष रूप से कम्यूनिकेशन चैनल्स को विकसित किया जाएगा, ताकि पेरेंट्स किसी भी स्थिति में उचित संचार कर सकें। छोटे बच्चों में क्रिएटिवली सोचने की आदत और सीखने के लिये निरन्तर उत्साह का विकास करना ही द आईकॉनिक स्कूल का मिशन है। इसके लिये स्कूल में सभी एक्टिविटीज को हमारे नैतिक मूल्यों के इर्द गिर्द रचा गया है। भावनात्मक स्थिरता का बच्चों के विकास का काफी महत्व होता है। इस बात का खास ध्यान रखते हुए द आईकॉनिक स्कूल में बच्चों के साथ बेहतर तालमेल बनाया जाएगा।